



## एक नजर में



### इस्लामी अखाड़े में विजेता पहलवानों का किया सम्मान

**दोराहा.** ग्राम में दोराहा में आयोजित प्रदेश स्तरीय दंगल प्रतियोगिता में कुश्ती जीतने वाले पहलवानों का इस्लामी अखाड़े में सम्मान समारोह आयोजित किया गया. आजम लाला ने सभी विजेता पहलवानों का सम्मान किया. इस्लामी अखाड़े के अध्यक्ष अय्या पहलवान के सान्निध्य में किया. दंगल प्रतियोगिता में वरिष्ठ पहलवान जमशेद पहलवान तथा उनके तीनों पुत्र मजहर, माहिर और फज़ल पहलवान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुश्ती जीतकर इस्लामी अखाड़े का नाम रोशन किया. दंगल में जीत हासिल करने वाले अन्य पहलवानों में अजहर, अफाक, शोएब, अबुजर, फाजिल और जमीर पहलवान शामिल हैं. इस दौरान रफू पहलवान, अतहर अहमद, जमशेद, शेरू, आसिफ, साजिद पठान, शब्बू पहलवान, वाहिद बैग, खजिर, गुड्डू सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी एवं अखाड़े के लोग उपस्थित थे.



### परीक्षा पूर्व विद्यार्थियों को मिली शैक्षिक सामग्री

**सीहोर.** शासकीय माध्यमिक शाला कोड़ियाछीतू में आगामी वार्षिक परीक्षा के सफल संचालन एवं विद्यार्थियों की बेहतर तैयारी को ध्यान में रखते परीक्षा पूर्व पेन, कॉपी एवं अन्य आवश्यक शैक्षिक सामग्री का वितरण किया गया. शाला प्रभारी संजय सक्सेना ने विद्यार्थियों से संवाद स्थापित करते हुए परीक्षा पर विस्तृत चर्चा की. अन्य शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को विषयवार महत्वपूर्ण बिंदुओं की पुनरावृत्ति कराई इस अवसर पर शाला प्रभारी संजय सक्सेना, शैलेंद्र सिंह, देवेन्द्र सिंह चौहान, डी के मालवीय, शशिबाला नामदेव, फूलवती सेन, माधुरी जोशी, मंजू राठौर एवं सिद्धार्थ रघुवंशी उपस्थित थे.




### एनसीसी कैडेट्स ने सीखे आपदा प्रबंधन के तरीके

**सीहोर.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आज़ाद शासकीय अग्रणी महाविद्यालय में आपदा प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य डॉ. शीलचंद्र गुप्ता के संरक्षण तथा एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. कमलेश अहिरवार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ. एनडीआरएफ वाराणसी की टीम के इंस्पेक्टर निलेश दीवानिया एवं उनकी टीम ने भूकंप आग तथा अन्य प्राकृतिक व मानवीय आपदाओं से बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला. कैडेट्स को फायर फाइटिंग ड्रिल सीपीआर तथा प्री-हॉस्पिटल ट्रीटमेंट जैसी तकनीकों की जानकारी दी गई.

### खाद्य विभाग ने कार्रवाई में जब्त किए 5 घरेलू गैस सिलेंडर

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देशानुसार घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के विभिन्न व्यावसायिक संस्थानों, होटलों एवं प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई की जा रही है. कार्रवाई में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसाय के लिए उपयोग करने वाली दुकानों एवं संस्थानों की जांच कर उपयोग किए जा रहे घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए जा रहे हैं एवं कार्रवाई की जा रही है. कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश चंदेल ने बताया कुबेरेश्वर धाम स्थित 03 दुकानों एवं प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर कार्रवाई करते हुए 05 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए. यह कार्रवाई कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश चंदेल एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा की गई.

### मल्टी स्पेशलिटी हेल्थ कैंप में किया स्वास्थ्य परीक्षण

**बुधनी.** वर्धमान फैब्रिक्स द्वारा बुधवार को मल्टी स्पेशलिटी हेल्थ कैंप का सफल आयोजन किया गया. इस स्वास्थ्य शिविर में लगभग 110 लाभार्थियों ने विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षणों एवं विशेषज्ञ परामर्श का लाभ प्राप्त किया. स्वास्थ्य वर्धमान फैब्रिक्स के यूनिट हेड एचएम त्रिपाठी, एडमिन हेड दिनेश के. टी. एवं एचआर हेड दीपक कुमार ने कैंप स्थल का निरीक्षण किया. उन्होंने उपस्थित लोगों से संवाद कर अधिक से अधिक संख्या में स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया. यह शिविर वर्धमान फैब्रिक्स, बुधनी के वरिष्ठ अधिकारी शोएब मिर्जा एवं डिस्पेंसरी इंचार्ज दीपक सोनी के समन्वय से सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ. कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम, महेश राठौर, सरपंच घनश्याम पकरवाल सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे.

# बिजावर में केन-बेतवा लिंक परियोजना के विरोध में प्रदर्शन

- पुलिस ने किया लाठीचार्ज व वाटर कैनन का इस्तेमाल



**छतरपुर, 11 फरवरी. जिले के बिजावर तहसील क्षेत्र में केन-बेतवा लिंक परियोजना के विरोध में चल रहा आंदोलन मंगलवार देर रात उग्र हो गया. डूब क्षेत्र में आने वाले गांवों के आदिवासी ग्रामीण पिछले कई दिनों से उचित मुआवजे की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं.**

मंगलवार रात करीब 12 बजे प्रशासन द्वारा प्रदर्शनकारियों को हटाने के प्रयास के दौरान स्थिति तनावपूर्ण हो गई. इसके बाद पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया और हल्का लाठीचार्ज किया.

कार्रवाई के विरोध में कुछ ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं ने पुलिस पर पथराव किया, जिससे लगभग एक घंटे तक दोनों पक्षों के बीच टकराव की स्थिति बनी रही. हालांकि घटना में किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है. इससे पहले ढोढन बांध निर्माण स्थल पर ग्रामीण महिलाएं पहुंचीं और निर्माण कार्य रुकवा दिया. बताया गया है कि उन्होंने कर्मचारियों को वहां से जाने के लिए मजबूर किया. वहीं आंदोलन का समर्थन कर रहे समाजसेवी अमित भटनागर के खिलाफ लोगों को उकसाने के आरोप में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. मंगलवार सुबह हजारों ग्रामीणों और महिलाओं ने बिजावर तहसील का घेराव कर परियोजना के विरोध तथा समाजसेवी की रिहाई की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया.



## चलती बाइक से गिरी बुजुर्ग महिला, हालत गंभीर

**छतरपुर, 11 फरवरी. पलेरा के पास बुधवार दोपहर एक सड़क हादसे में बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई. जानकारी के अनुसार नौगांव थाना क्षेत्र के मानपुरा गांव निवासी लछिया राजपूत अपने पोते के साथ बाइक से टीकमगढ़ जिले की ओर जा रही थीं. इसी दौरान दोपहर करीब 12:30 बजे पलेरा के आगे अचानक संतुलन बिगड़ने से वह चलती बाइक से गिर गईं.**

हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों की मदद से घायल महिला को तत्काल पलेरा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया गया. जिला अस्पताल में महिला का उपचार जारी है. चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है. पुलिस ने घटना की सूचना लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है.




## पीएम आवास योजना के 116 हितग्राहियों को किश्त वितरित

नवभारत न्यूज

**बुधनी 11 फरवरी.** पीएम आवास योजना के अंतर्गत नगर परिषद में अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया.

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में उनकी विचारधारा के अनुरूप अंतिम पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कुल 1 करोड़ 16 लाख रुपए की राशि के स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए. कार्यक्रम में 15 वार्डों के 116 पात्र हितग्राहियों का हार-फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया. हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्रथम किस्त के रूप में 1 लाख रुपए की राशि तथा स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए. नप अध्यक्ष ने हितग्राहियों को शासन की मंशा के अनुरूप समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिएकार्यक्रम में स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर अर्जुन मालवीय, सीएमओ संतोष रघुवंशी, भाजपा जिला मंत्री राजेशपाल, उपाध्यक्ष सत्येन्द्र शर्मा, पार्षद प्रभात भदौरिया, प्रवीण चौहान, श्रीकांत शर्मा, संतोष राजपूत, आरती किशन मालवीय, ज्योति पंजाबी, रजनी हरदयाल आजाद, सुनील कैथवास, राहुल रीठौरिया सहित समस्त पार्षदगण उपस्थित थे.

## सरकारी तालाब में मशीनों से अवैध खनन

**भैरूंदा 11 फरवरी.** ग्राम पंचायत इटारसी में सरकारी तालाब में अवैध खुदाई का मामला सामने आया है. भैरूंदा-संदलपुर फोरलेन निर्माण में लगे ठेकेदार ने भारी मशीनें तालाब में उतार दीं. खुदाई शुरू कर दी. ग्रामीणों ने विरोध किया. ठेकेदार ने पंचायत से मिली अनापत्ति को अंतिम अनुमति बताकर काम जारी रखने की कोशिश की.

## तेज रफ्तार स्कूटी की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत

**छतरपुर, 11 फरवरी. महोबा रोड पर हुए सड़क हादसे में 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई. मृतका की पहचान रामप्यारी अहिरवार, निवासी ग्राम पनोठा (ईशानगर थाना क्षेत्र) के रूप में हुई है. घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल बन गया.**



परिजनों के अनुसार रामप्यारी अहिरवार अपने बेटे अशोक के साथ गढ़ीमलहरा स्थित बालाजी मंदिर दर्शन के लिए गई थीं. इसी दौरान महोबा रोड पर तेज रफ्तार स्कूटी ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं. स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया. मामले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की. बुधवार दोपहर करीब 12:30 बजे जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया. पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और स्कूटी चालक की तलाश की जा रही है.

## मांगों को लेकर विद्युत मंडल पेंशनर्स का धरना

**4 घंटे चला प्रदर्शन**



**छतरपुर, 11 फरवरी. मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स संयुक्त मोर्चा के बैनर तले पेंशनर्स ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को विद्युत विभाग कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया. प्रदर्शनकारियों ने कार्यालय के सामने टेंट लगाकर दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक शांतिपूर्ण धरना दिया.**

धरने के दौरान पेंशनर्स ने पेंशन संबंधी लंबित समस्याओं के शीघ्र समाधान, सुविधाओं में सुधार तथा लंबित देयकों के भुगतान की मांग उठाई. वक्ताओं ने कहा कि कई बार विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे जाने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है, जिससे पेंशनर्स को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

प्रदर्शन के अंत में पेंशनर्स ने प्रशासन से शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की मांग की. साथ ही चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा.

## 14 मार्च की नेशनल लोक अदालत की तैयारी तेज

- बैंक और बिजली मामलों के अधिक निपटारे का लक्ष्य
- नेशनल लोक अदालत की तैयारियां तेज
- अधिक से अधिक प्रकरणों के निपटारे पर जो

**छतरपुर, 11 फरवरी. 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल संचालन को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं. इसी क्रम में एडीआर सेंटर में द्वितीय जिला न्यायाधीश हिमांशु शर्मा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई.**



> बैठक में सचिव एवं न्यायाधीश विष्णु प्रसाद सोलंकी, जिला विधिक सहायता अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र चढ़ार, एलडीएम तथा विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे. 14 मार्च को आयोजित लोक अदालत में अधिकतम प्रकरणों को राजीनामा के माध्यम से निपटाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है.

बैठक में राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के अनुरूप लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निपटारे की रणनीति तय की गई. विशेष रूप से बैंक एवं विद्युत विभाग से जुड़े प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ सुलझाने पर जोर दिया गया, ताकि न्यायालयों में लंबित मामलों का बोझ कम हो सके और आम नागरिकों को त्वरित राहत मिल सके.

इस दौरान सभी बैंक प्रबंधकों तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों को लंबित प्रकरणों की सूची तैयार कर संबंधित पक्षकारों से संपर्क स्थापित करने और आपसी समझौते के प्रयास तेज करने के निर्देश दिए गए.



## श्रद्धालुओं को बड़ी राहत 21 ट्रेनों का होगा स्टॉपेज

नवभारत न्यूज

**सीहोर 11 फरवरी. प्रसिद्ध कुबेरेश्वर धाम में आयोजित होने जा रहे भव्य रुद्राक्ष महोत्सव को लेकर इस बार रेलवे और जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया है. पहली बार 21 जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनों को अस्थायी रूप से सीहोर रेलवे स्टेशन पर रोका जाएगा. यह सुविधा 13 फरवरी से 22 फरवरी तक कुल 10 दिनों के लिए लागू रहेगी, जिससे देशभर से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को सीधी और सुगम यात्रा सुविधा मिलेगी.**

कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में कुबेरेश्वर धाम पर आयोजित होने वाले रुद्राक्ष महोत्सव और शिव महापुराण कथा को लेकर प्रशासन और पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है. इसकों अलावा देश के कोने- कोने से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 21 प्रमुख ट्रेनों का स्टापेज सीहोर रेलवे स्टेशन पर किया जा रहा है. इन ट्रेनों के माध्यम से इंदौर, अहमदाबाद, मुंबई, जोधपुर, पुरी, वाराणसी, पटना, कोलकाता, हैदराबाद, गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम जैसे बड़े शहरों से सीहोर को सीधा रेल संपर्क मिलेगा. इससे श्रद्धालुओं को भोपाल या इंदौर उतरकर सड़क मार्ग से आने की परेशानी नहीं होगी और वे सीधे कुबेरेश्वर धाम के नजदीक सीहोर स्टेशन पर उतर सकेंगे.

ज्ञात रहे हाल ही में 19489/19490 अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस और 19091/19092 मुंबई बांद्रा-गोरखपुर एक्सप्रेस का सीहोर रेलवे स्टेशन पर स्थायी स्टॉपेज शुरू किया गया है. इससे सीहोर की रेल कनेक्टिविटी को स्थायी मजबूती मिली है और रुद्राक्ष महोत्सव के बाद भी यात्रियों को इसका लाभ मिलता रहेगा.

गत वर्ष रुद्राक्ष महोत्सव के दौरान करीब 5 लाख श्रद्धालु केवल ट्रेनों से सीहोर पहुंचे थे। भारी भीड़ के कारण यात्रियों को अव्यवस्था और असुविधाओं का सामना करना पड़ा था.

**सिंचाई सुविधा** — छतरपुर की 1.40 लाख हेक्टेयर भूमि को मिलेगी सिंचाई

## केन-बेतवा लिंक की एलबीसी परियोजना को मंजूरी

- करीब 7,000 करोड़ की योजना से 300 से अधिक गांवों तक पहुंचेगा पानी
- खेती की बारिश पर निर्भरता होगी कम
- एलबीसी परियोजना से जिले की लगभग 80% कृषि भूमि आएगी सिंचाई के दायरे में
- कांवर गांव में बनेगा मुख्य पंप हाउस, पाइपलाइन से सीधे खेतों तक पहुंचेगा पानी

**छतरपुर, 11 फरवरी. केन-बेतवा लिंक परियोजना के महत्वपूर्ण घटक लेफ्ट बैंक कैनाल (एलबीसी) को केंद्र सरकार से मंजूरी मिल गई है. करीब 7,000 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस परियोजना के माध्यम से छतरपुर जिले की लगभग 1.40 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि को प्रत्यक्ष सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी.**



इसके अतिरिक्त जिले के लिए प्रस्तावित पांच अन्य पंप हाउस परियोजनाओं के पूर्ण होने पर कुल 3.50 लाख हेक्टेयर क्षेत्र सिंचाई के दायरे में आ जाएगा. इससे जिले की लगभग 80 प्रतिशत कृषि भूमि को लाभ मिलने की संभावना है और किसानों की बारिश पर निर्भरता कम होगी. परियोजना के तहत राजनगर क्षेत्र के कांवर गांव में मुख्य पंप हाउस का निर्माण किया जाएगा, जो ढोढन बांध की टनल से जुड़ा रहेगा. लिफ्ट इरिगेशन प्रणाली पर आधारित इस योजना के अंतर्गत तीन मुख्य पाइपलाइनें बिछाई जाएंगी, जिनके माध्यम से उर्मिल डेम, सिंहपुर बैराज और कुटने डेम तक पानी पहुंचाया जाएगा. इन पाइपलाइनों के जरिए राजनगर, महाराजपुर, लवकुशनगर और चंदला तहसील के 300 से अधिक गांवों के किसानों के खेतों तक सीधे पानी की आपूर्ति की जाएगी. साथ ही गौरिहार और चंदला क्षेत्र के दूरस्थ गांव भी इस योजना से लाभान्वित होंगे.

पानी की बर्बादी रोकने के लिए खेतों तक सुदृढ़ पाइपलाइन नेटवर्क तैयार किया जाएगा तथा जल आपूर्ति एवं मांग की निगरानी स्काडा प्रणाली के माध्यम से की जाएगी. स्वीकृति मिलने के बाद परियोजना के निर्माण हेतु शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी. इससे बुंदेलखंड क्षेत्र में सिंचाई व्यवस्था में व्यापक सुधार होने की उम्मीद है.